# 6 पोते का पत्र दादा जी के नाम

# पाठ 6 पोते का पत्र दादाजी के नाम

## श्रुतलेखन शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्वर्ग | सूर्योदय | वस्त्र | कीमती |
| बौद्ध | मंदिर | मूर्ति | पवित्र |
| मक्खन | व्यवहार | स्वागत | ईश्वर |
| मुखौटे | नाटक | न्योता | (15) |

* शब्दार्थ :- कॉपी में शब्दार्थ लिखें। (गृहकार्य)

पाठ- 6

# बोलिए

Textbook.

1. पढ़िए

उ. छात्र स्वयं करें।

2. बताइए

क. किसने, किसे पत्र लिखा?

उ. यह पत्र मानु ने अपने दादाजी को लिखा।

ख. तवांग कितनी ऊँचाई पर है?

उ. तवांग समुद्र तल से लगभग 10,000 फ़ुट की ऊँचाई पर है।

ग. तवांग के निवासी कौन हैं?

उ. तवांग के निवासी मोनपा जनजाति के लोग हैं।

घ. तवांग का प्रमुख त्योहार कौन-सा है?

उ. तवांग का प्रमुख त्योहार लोसर है।

## लिखिए

1. **सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

   क. तवांग में किस जनजाति के लोग रहते हैं? ✓ मोनपा

   ख. तवांग के घर किससे बने होते हैं? ✓ पत्थर, लकड़ी

   ग. लोसर त्योहार किस महीने में मनाया जाता है? ✓ फरवरी में

   घ. मोनपा स्त्रियाँ किसकी माला पहनती हैं? ✓ कीमती पत्थरों की

2. **पाठ के आधार पर अधूरे वाक्यों को पूरा कीजिए—**

   क. तवांग का नामकरण 11वीं शताब्दी में ...मिराक लामा ने किया था।...

   ख. ...ठंड से बचने के लिए तवांग के लोग... मोटे ऊनी कपड़े पहनते हैं।

   ग. यहाँ के लोग चाय में ...नमक और मक्खन डालकर पीते हैं।...

   घ. ये लोग मूली के पौधे में ...एक निशान बाँध देते हैं।...

3. **पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

   आपको पता है, ............................................ डालकर पीते हैं।

   **क.** यहाँ गोभी के पौधे में कितने फूल लगते हैं?

   उ. यहाँ गोभी के पौधे में चार-पाँच फूल लगते हैं।

   **ख.** यहाँ के लोग मूली के पौधे में निशान क्यों बाँधते हैं?

   उ. यहाँ के लोग मूली के पौधे में इसलिए निशान बाँधते हैं ताकि सरदियों में जब पौधे बरफ़ से ढक जाते हैं, तो वे इन्हीं निशानों के सहारे उन्हें निकाल लेते हैं।

   **ग.** यहाँ के लोग किसमें मक्खन और नमक डालकर पीते हैं?

   उ. यहाँ के लोग चाय में मक्खन और नमक डालकर पीते हैं।

   **घ.** 'मक्खन' शब्द में आए संयुक्त वर्ण से एक और शब्द बनाइए।

   उ. मक्खी।

4. **कुछ शब्दों में उत्तर—** Notebook

   **क.** यह पत्र कहाँ से लिखा गया?

   उ. यह पत्र तवांग से लिखा गया है।

   **ख.** पत्र पढ़कर आपको कैसा लगा?

   उ. पत्र पढ़कर मुझे तवांग की संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानकर अच्छा लगा।

   **ग.** तवांग में पहाड़ बरफ़ से कब तक ढके रहते हैं?

   उ. तवांग में पहाड़ दिसंबर से अप्रैल तक बरफ़ से ढके रहते हैं।

   **घ.** तवांगवासी अपने घरों के दरवाज़े और खिड़कियाँ क्यों बंद रखते हैं?

   उ. तवांगवासी ठंड से बचने के लिए अपने घरों के दरवाज़े और खिड़कियाँ बंद रखते हैं।

5. **कुछ वाक्यों में उत्तर—** Notebook

   **क.** पर्यटक तवांग क्यों आते हैं?

   उ. पर्यटक तवांग की सुंदरता, पर्वत की चोटी से सूर्योदय का नज़ारा तथा बौद्ध धर्म के केंद्र प्रसिद्ध गोंपा (बौद्ध मठ) को देखने आते हैं अर्थात तवांग की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर पर्यटकों को आकर्षित करती है।

ख. मोनपा के लोग कैसे वस्त्र पहनते हैं?

उ. मोनपा के लोग ठंड से बचने के लिए मोटे ऊनी कपड़े पहनते हैं। वे पारंपरिक रूप से ऊनी चादर और टोपी का इस्तेमाल करते हैं।

ग. गोंपा की विशेषताएँ बताइए।

उ. गोंपा एक प्रसिद्ध बौद्ध मठ है। इसमें भगवान बुद्ध की अट्ठारह फुट छह इंच ऊँची मूर्ति है। इस मूर्ति के आस-पास हजारों घी के दीपक जलते रहते हैं। लामा लोग यहाँ अपना पवित्र धर्मग्रंथ पढ़ते रहते हैं। यह मठ धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण है और तवांग का एक प्रमुख धार्मिक केंद्र है।

घ. लोसर त्योहार कैसे मनाया जाता है?

उ. लोसर त्योहार तवांग में फरवरी में मनाया जाता है। यह तवांग के लोगों के लिए नया साल शुरू होने का प्रतीक है। लोग डफलियाँ और तुरही बजाते हैं, नृत्य-नाटक के आयोजन में अपने चेहरे पर अच्छी और बुरी आत्माओं के मुखौटे पहनते हैं जिसमें अच्छी आत्मा की जीत और बुरी आत्मा की हार होती है। इस अवसर पर मोनपा लोग अपने मेहमानों का खूब स्वागत करते हैं।

## समझिए व्याकरण संबोध Text book

1. **इन्हें जोड़कर नए शब्द बनाइए—**

शत + आब्दी = शताब्दी

सूर्य + उदय = सूर्योदय

नियम + इत = नियमित

व्यवहार + इक = व्यवहारिक

2. **श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए—**

क. सदा — हमेशा
सादा — साधारण

ख. कई — बहुत सारे
काई — पत्थर पर जमने वाली बारीक रेशे जैसी घास

ग. आदि — शुरुआत
आदी — अभ्यस्त (आदत)

घ. पत्र — चिट्ठी
पात्र — किरदार, बरतन

3. **निम्नलिखित शब्दों के लिए 'एकवचन' या 'बहुवचन' लिखिए—**

दवाई — एकवचन
झील — एकवचन
दरवाजे — बहुवचन
स्त्रियाँ — बहुवचन
जनजाति — एकवचन
खिड़कियाँ — बहुवचन
मूली — एकवचन
डफलियाँ — बहुवचन

4. **क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए तथा उनके सामने 'सकर्मक' या 'अकर्मक' लिखिए—**

क. मानू ने दादा जी को पत्र लिखा। — सकर्मक

ख. तवांग में मोनपा जनजाति के लोग रहते हैं। — अकर्मक

ग. सरदी से बचने के लिए लोग घरों में आग जलाते हैं। — सकर्मक

घ. दादी माँ घूमने गईं। — अकर्मक

5. **इस पाठांश में विराम-चिह्न छूट गए हैं। उपयुक्त स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए—**

उ. दादा जी, क्या अपने तवांग का नाम सुना है? पापा ने कहा, आप इस बार गरमी की छुट्टियों में यहाँ आ रहे हैं। दादा जी आ जाइए न, यहाँ घूमने की बहुत अच्छी-अच्छी जगहें हैं। जब आप वे जगहें देखेंगे, तो आपकी आँखें फटी-की-फटी रह जाएँगी और मुँह से निकल पड़ेगा— ''वाह! क्या दृश्य है।''